## विधानसभा में गूंजा सीवर प्रोजेक्ट का मामला, विधायक ने लगाया घोटाले का आरोप

# 206 करोड़ का काम 9 साल में भी पूरा नहीं



**सतना।** मध्य प्रदेश की विधानसभा में सिविल प्रोजेक्ट का मामला गूंजा है। 206 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सीवर लाइन परियोजना को लेकर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने विधानसभा में नगर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 2016 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 9 साल बाद भी अधूरा है और इसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

### पाइप डाले,सड़कें तहस-नहस

विधायक कुशवाहा ने बताया कि अब तक कई ठेकेदार कंपनियां आईं और चली गईं,लेकिन किसी ने भी काम पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा,इन कंपनियों ने केवल पाइपलाइन डाली और भुगतान लेकर चले गए। पूरा शहर खोदकर छोड़ दिया गया है,जिससे सड़कों की हालत बदतर हो गई है।

### एलिवेटेड रोड का मामला भी उठाया

श्री कुशवाहा ने एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रगति दिखाई जा रही है,लेकिन शहर में कहीं भी एलिवेटेड सड़क नजर नहीं आ रही है। विधायक ने वित्त मंत्री से अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी पर भी सवाल किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अलग-अलग एसओआर (शेड्यूल ऑफ रेट्स) पर आपत्ति जताई और इसे भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण हितग्राहियों को दी जाने वाली राशि में अंतर का मुद्दा भी उठाया।

### नगर निगम बना भ्रष्टाचार का अड्डा

कुशवाहा ने नगर निगम पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। अधिकारी और ठेका कंपनियां जनता को ठगने में लगी हैं। उन्होंने पूरे मामले की जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## खबर संक्षेप

### सिटी कोतवाली तिराहे में ट्राफिक पुलिस ने 15 वाहनों के काटे चालान

**सतना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश एवं डीएसपी ट्राफिक संजय खरे के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग लगाकर वाहनों के इंश्योरेंस, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, नंबर प्लेट एवं अन्य कागजातों की जांच की जा रही है। विगत दिवस इसी तरह की कार्यवाही में जिले में एक अजीब तरह की नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे वाहन के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 3500 रुपये का जुर्माना किया था। रविवार को भी यातायात थाना प्रभारी सुनीता पटेल के नेतृत्व में ट्राफिक टीम ने सिटी कोतवाली तिराहे के पास चेकिंग लगाकर दो पहिया-चार पहिया वाहन के कागजातों की जांच की। मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले 13 दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उनके चालान काटे गये। सभी चालकों के खिलाफ 5-5 सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। ट्राफिक पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुये हेलमेट लगाकर वाहन चलाने,नशे की हालत में वाहन न चलाने,गलत ढंग से ओवरटेक न करने, सिग्नल जम्प न करने और फोन पर बात करते हुए वाहन न चलाने की समझाइश दी। यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये शाम को भी चेकिंग लगाकर यातायात नियमों का पालन कराया जा रहा है, ताकि यातायात सुगम एवं सुरक्षित हो सके।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम स्थगित

**सतना।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को आयोजित किया जाना था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की तिथि पृथक से जारी की जाएगी।

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की दसवीं प्रस्तुति 1 अप्रैल को

**सतना।** मैहर मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया था। जिसकी दसवीं प्रस्तुति 1 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को शासकीय संगीत महाविद्यालय परिसर में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी शासकीय संगीत कॉलेज परिसर में लगाई जाएगी। पूर्व में ब्लू बेल्स एकेडमी,सेमरॉक एकेडमी के बच्चों द्वारा अटला आर्ट प्रदर्शनी में अपनी सहभागिता दी थी। जिले की अन्य विद्यालय भी इस क्रम को आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 25 मार्च तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल सहायक व्याख्याता मोबा. 7987274350 के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं वह 1 वर्ष के पश्चात ही आवेदन करने के पात्र होंगे। मैहर घराने को जीवंत बनाने एवं विद्या की देवी माँ शारदा की नगरी को संगीत मय बनाने हेतु शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की 1 तारीख को किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन के लिए कला प्रेमी रसिक जन ईस्ट मित्रों के साथ सादर आमंत्रित है।

## अंतिम संस्कार के कार्यक्रम से लौट रहा था घर, जांच में जुटी पुलिस

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**मैहर।** रविवार को एक बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने परिचित के अंतिम संस्कार से लौट रहा था,तभी एनएच 30 पर तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार शाम करीब 6 बजे एनएच 30 पर अमरपाटन के पड़हा गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान वीरदत्त गांव के 40 वर्षीय राजेश पटेल के रूप में हुई है। वह ग्राम झिरिया में एक परिचित के अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहा था। टक्कर मारने के बाद कार चालक रीवा की तरफ भाग गया। अमरपाटन थाना प्रभारी के पी त्रिपाठी के अनुसार, हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से मृतक के शव को सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी है।

# एमपी यूपी सीमा पर पुलिस की गतिविधियां बढ़ीं



**सतना।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित ग्रामों व जंगल क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर नजर रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा सघन सर्चिंग की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने थाना प्रभारी मझगवां,थाना प्रभारी धारकुण्डी,थाना प्रभारी बरौंधा को अपने-अपने थाना क्षेत्र के म.प्र. व उ.प्र. की सीमा से लगे गांव और जंगली इलाके पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि पठारी क्षेत्र मझगवां दस्युओं के लिये कुख्यात रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने थाना के स्टाफ के साथ क्षेत्र के तराई में उतरकर कांबिंग की। शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जंगल में प्रत्येक संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस टीम मझगवां थाना क्षेत्र के रामनगर,खोखला,पड़वनिया (कोठार),पिपरहा के जंगलों में सघन सर्चिंग कर रही है। इसी तरह से धारकुण्डी थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल द्वारा पुलिस बल के साथ पिछले दो दिनों से दस्यु प्रभावित रहे ग्रामों और जंगलों में सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग के दौरान जंगल से लगे गांव में रहने वाले ग्रामीणों से बातचीत करके उनसे स्थानीय स्तर पर चल रही क्रियाकलापों की जानकारी ली जा रही है।बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा रविवार को धारकुण्डी पुलिस के अलावा मझगवां ,बरौंधा पुलिस को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत म.प्र.,उ.प्र.की सीमा पर स्थित जंगलों में सघन सर्चिंग के निर्देश दिये गए हैं।

## पुलिस अफसर निकले निरीक्षण पर, प्रभारी आईजी, एसपी समेत अधिकारी पहुंचे थाने; लिया जायजा





**सतना।** मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेश का सतना एवं मैहर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा अनुपालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में पुलिस अधिकारी जहां देर रात थानों का आकस्मिक निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। डीजीपी श्री मकवाना द्वारा निर्देश दिये गये थे कि सीएसपी से लेकर कमिश्नर,आईजी,डीआईजी एसपी अपने क्षेत्रों में थाने और अन्य क्षेत्रों का विजिट करें। सुरक्षा इंतजाम देखें और नागरिक सुरक्षा से जुड़े हर विषय पर जानकारी लें। इसी कड़ी में सतना-मैहर जिलों के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की रात्रि गस्त सघन और तेज हो गयी है। पुलिस टीम हर मोहल्ले,चौराहे,गलियों में घूम-घूम कर नागरिक सुरक्षा का मुआयना कर रही हैं।

### ताला थाना पहुंच ली लंबित अपराधों की जानकारी

डीजीपी के निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में अमरपाटन एसडीओपी श्रीमती प्रतिभा शर्मा रात्रि गस्त में देर रात अचानक थाना ताला पहुंचीं,जहां पहुंच कर सुरक्षा इंतजाम देखे एवं सुरक्षा एवं लंबित अपराध के संबंध में जानकारी ली,इन दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से रात्रि गश्त का भी जायजा लिया। श्रीमती शर्मा ने थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये।

### प्रभारी आईजी पहुंचे मैहर

रीवा रेंज के प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पांडेय,रात्रि गस्त का जायजा लेने अचानक मैहर पहुंचे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल भी थे। प्रभारी आईजी श्री पाण्डेय ने अमरपाटन के सतना चौराहे में गस्त प्वाइंट को चेक किया। आईजी के औचक निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी, एसआई आकाश बागड़े व थाना स्टॉफ मौजूद रहा।

### प्रभारी आईजी ने अमरपाटन में गस्त प्वाइंट किया चेक

एसपी मैहर ने अमरपाटन थाना की व्यवस्थायें देखीं। प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देशन के बाद मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल अमरपाटन थाने पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने थाने का देर रात औचक निरीक्षण कर अपराधियों से लेकर फरियादी व थाना स्टाफ की व्यवस्थाओं का थाना परिसर में निरीक्षण कर जायजा लिया। थाना प्रभारी केपी त्रिपाठी व थाना स्टाफ से लंबित अपराध संबंधित ली जानकारी दिए उचित दिशा निर्देश दिए।

### एसपी पहुंचे मझगवां-कोठी थाना,किया निरीक्षण

डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेश पर सतना पुलिस विभाग के मुखिया आशुतोष गुप्ता खुद थानों का निरीक्षण करके सुरक्षा इंतजामों का आंकलन करने में जुट गये हैं।पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने देर रात्रि मझगवां और कोठी थाने का औचक निरीक्षण कर थाना प्रभारियों से क्षेत्र के अपराधों के संबंध में चर्चा करते हुये विस्तृत जानकारी हासिल की एवं आवश्यक निर्देश दिए।



# पुलिस कर्मियों ने नाले में फंसी गाय को बचाया

### गश्त के दौरान सतना में सीएसपी और टीम ने जेसीबी की मदद से किया रेस्क्यू

**सतना।** शनिवार की देर रात पुलिस ने एक गाय को नाले से बचाया। सीएसपी महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ रीवा रोड पर कांबिंग गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सड़क किनारे 4 लोग संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए। पूछताछ में पता चला कि एक गाय नाले में गिर गई है। ये लोग उसे निकालने का रास्ता सोच रहे थे। मौके पर पहुंचकर सीएसपी ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत नगर निगम के अतिक्रमण शाखा के अधिकारी को फोन कर जेसीबी और कर्मचारियों को बुलाया। पुलिस और निगम कर्मियों ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गाय को रस्से से बांधकर जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। अगली सुबह इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोग पुलिस के इस मानवीय कार्य की सराहना कर रहे हैं।

# मैहर जिले अंतर्गत राजस्व अमले ने किया ओला प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में मैहर जिले में गत दिवस हुई ओलावृष्टि और असामयिक वर्षा से प्रभावित क्षेत्र ग्राम अजवाइन,बेरमा,मोहनिया,नौगवां, अमदरा एवं ग्राम सलैया सहित विभिन्न ग्रामों में फसलों का सर्वे कार्य राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान राजस्व अधिकारी द्वारा ग्राम अजवाइन में फसल सर्वे के दौरान नुकसान 5 प्रतिशत से कम पाया गया। राजस्व अमला ओलावृष्टि के बाद से ही लगातार सर्वे कर रहा है और किसानों को शीघ्र राहत पहुँचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। रामनगर क्षेत्र की एसडीएम डॉ.आरती सिंह के निर्देशन में तहसीलदार आरडी साकेत और तहसीलदार रामनगर का अधीनस्थ राजस्व अमला भी फसल नुकसानी के सर्वे में लगा हुआ है।

### मैहर में 15 जोड़ी ट्रेनों का 5 मिनट होगा अतिरिक्त ठहराव

**सतना।** नवरात्रि मेले के मद्देनजर मैहर धाम में 15 जोड़ी ट्रेनों का पांच मिनट का ठहराव होगा। रेल प्रशासन ने 30 मार्च से 12 अप्रैल के बीच ट्रेनों के ठहराव का कार्यक्रम जारी कर दिया है।जिन ट्रेनों का ठहराव होगा,उनमें अप-डाउन लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर,लोकमान्य तिलक टर्मिनल-छपरा, चेन्नई-छपरा,वलसाड-मुजफ्फरपुर,कोल्हापुर-धनबाद,लोकमान्य तिलक टर्मिनल-रक्सौल,दुर्ग-नव तनवा,पुणे-गोरखपुर,पूर्णा-पटना,लोकमान्य तिलक टर्मिनल-अयोध्या,लोकमान्य तिलक टर्मिनल-रांची, बांद्रा टर्मिनल-पटना,पुणे-बनारस,लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गुवाहाटी और सूरत-छपरा एक्सप्रेस शामिल है।

# मझगवां के कठौता ग्राम में दूर हुई पेयजल की समस्या



**सतना।** सतना जिले के मझगवां तहसील के हिरौंदी ग्राम पंचायत के कठौता ग्राम में पिछले दो दिन से नलकूप की मोटर जल जाने से पेयजल की समस्या बनी हुई थी। शिकायत के संज्ञान में आते ही कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डीएल कनेल को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कार्यपालन यंत्री श्री कनेल ने अपने सहायक यंत्री और जल कल टीम के साथ गांव का मौका निरीक्षण किया। कठौता ग्राम में नल जल योजना के एक सोर्स की मोटर जली होने और योजना ग्राम पंचायत को हैण्डओवर नहीं होने की परिस्थिति में संबंधित ठेकेदार द्वारा रख-रखाव नहीं किया जा रहा था। मौके पर पहुंचे कार्यपालन यंत्री ने संबंधित ठेकेदार को कडी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए सुधार कार्य करवाया। जिसमें कठौता के जल योजना के एक जल स्त्रोत में लाइन बढाकर 30 एलपीएम की मोटर डालकर उसे चालू कराया। इसके साथ ही दूसरे जल स्त्रोत के टयूब बेल में हैण्डपम्प निकालकर उसमें मोटर डालकर समानांतर रूप से स्पाट सोर्स योजना के तहत पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कठौता के ग्रामीण जन पेयजल मुहैया कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की त्वरित कार्यवाही से संतुष्ट है।

### संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया

**मैहर।** बजरंग अखाड़ा में सद्गुरूदेव भगवान श्री श्री 1008 श्री सीताबल्लभ शरण जी महाराज बडा अखाड़ा मैहर में कथा प्रवक्ता महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य पंडित मनीष गौतम शास्त्री मैहर द्वारा स्त्रोतओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मैहर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी जितेंद्र शुक्ला विश्वनाथ सिंह तिवारी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती संतोष चौरसिया सूर्य प्रकाश चौरसिया पार्षद ललिता और सूर्य प्रकाश चौरसिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु चौरसिया पत्रकार रमेश चौरसिया संजय पांडे मोहित बड़गईया आलोक अग्रवाल सुनील पाठक पूर्व राज्य मंत्री राजेन्द्र नामदेव आशीष उर्फ बबला मिश्रा नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार अरुण सिन्हा पूर्व पार्षद प्रभात द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## प्लांटेशन में भड़की आग, बुझाने के प्रयास में झुलसे तीन सुरक्षा श्रमिक



**पन्ना।** गर्मी आते ही पन्ना जिले में जंगलों में आग लगने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। ऐसा ही एक मामला आज उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में देखने को मिला जहां अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे बुझाने के प्रयास में तीन सुरक्षा श्रमिक झुलस गए। किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे जिन्हें आनन- फानन में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया है। प्लांटेशन में लगी आग को बुझाने का प्रयास जारी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे बुझाने के प्रयास में कपूर सिंह यादव उम्र 55 वर्ष, हरि सिंह यादव उम्र 60 वर्ष एवं राजेंद्र सिंह यादव उम्र 50 वर्ष तीनों सुरक्षा श्रमिक बुरी तरह झुलस गये। आग लगने की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया जहां उनका उपचार जारी है। जंगल में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी हरि सिंह यादव और राजेन्द्र सिंह यादव घायल सुरक्षा श्रमिकों ने दी।

## पवई नगर के प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ डॉ जीवन लाल बढोलिया निधन



**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित मिलौनीगंज निवासी नाड़ी विशेषज्ञ डॉ जीवन लाल बढ़ौलिया का 95 वर्ष की आयु में आज रविवार सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। जानकारी अनुसार उन्होंने लगभग 15 वर्ष शासकीय सेवा के बाद वालेन्ट्री सेवा निवृत्ति लेकर खुद के निवास पर लोगों का इलाज करने लगे। उनको निधन का दुखद समाचार सुनते ही मिलौनीगंज सहित नगर में शोक व्याप्त रहा। डा जीवन लाल नगर सबसे पुराने डाक्टर रहे। समाज सेवा में सबसे आगे रहना, गरीबों की मदद करना सरल स्वभाव के धनी थे। श्री बढ़ोलिया एक बार नगर परिषद में पार्षद भी रह चुके है,इनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रयागराज इलाहाबाद में किया जायेगा। वे अपने पीछे चार बेटे और तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए।

## किसानों की दयनीय स्थिति, घर की खुशियाँ गायब, रोजी-रोटी का संकट

**देवेंद्रनगर।** भारत में किसानों की स्थिति गंभीर हो चुकी है। टमाटर जैसी फसलें जो पहले अच्छा मुनाफा देती थीं, अब भारी नुकसान का कारण बन गई हैं। मंडी में टमाटर का दाम 1 रुपए किलो से भी कम हो गया है, जिससे किसान अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं पा रहे। इसके कारण उनकी जीवनशैली प्रभावित हो गई है और घर में खुशियाँ गायब हो चुकी हैं। कई किसानों के पास बच्चों की किताबें तक नहीं हैं, किराया देना मुश्किल हो रहा है, और कुछ तो खाने के लिए मोहताज हो गए हैं। बीमार बच्चों का इलाज भी नहीं हो पा रहा क्योंकि पैसे नहीं हैं। नकुल कुशवाहा कहते हैं, टमाटर के दाम इतने गिर गए हैं कि हमें नुकसान में बेचने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता। ट्रांसपोर्ट का खर्च भी अलग है। रामसखा कुशवाहा का कहना है, मंडी में 20 रूपये किलो बिकने के बावजूद ट्रांसपोर्ट और वापसी का खर्च इतना है कि फसल की कीमत शून्य हो जाती है। जगन्नाथ कुशवाहा कहते हैं, अगर टमाटर नहीं बिकते तो उसे वापस लाने का खर्च भी उठाना पड़ता है, जो हमारी स्थिति को और मुश्किल बना देता है। प्यारे कुशवाहा बताते हैं, टमाटर के दाम इतने कम हो गए हैं कि हमें उन्हें गाय-भैंसों को खिलाना पड़ता है। हमारी मेहनत का कोई सही मूल्य नहीं मिल रहा है। यह संकट केवल किसानों के लिए नहीं, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ी समस्या बन चुका है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिये वनों को बचाने को लेकर वास्तविकता में क्या दिशा होगी तय?







**जहां वर्तमान समय में पर्यावरण को बचाने की बजाय मिटाने के हालात हो रहे तय**

नदी हो या पहाड़ जंगल में स्वयं हो रहे हालात बयां, प्रतिदिन जलाऊ लकड़ी के नाम हजारों गट्ठे लकड़ी नगरों में विक रही वहीं किस तरह से माफिया राज जहां अपने लाभ को लेकर वनों का विनाश तथा रेत माफिया नदियों से पर्यावरण को चुनौती दे रहा है। जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि सभी मौन कैसे बचेगा भविष्य जीवन को लेकर जब विनाश का आमंत्रण स्वयं दिया जा रहा है संरक्षण भी उन्हीं का।

**पन्ना।**

कहने को विश्व वानकी दिवस को लकर पर्यावरण संरक्षण के लिये राग अलापे जाते है पर वास्तविकता में पर्यावरण को खत्म करने के लिये जो विनाश की राह तय की जा रही है उसका जिम्मेदार कौन है। वर्तमान समय में मात्र स्वयं का लाभ जो देखकर महज आर्थिक रूप से अनैतिक तरीके से लाभ को अर्जित करने के लिये अपने जीवन को ही दाव पर लगाया जा रहा है। जब जीवन ही खतरे में आयेगा तो यह आर्थिक मजबूती क्या बचा पायेगी। वहीं महज कुछ लोग अपने लाभ के लिये समाज को खतरे में डालने के लिये तत्परता के साथ जहां नदियों का मूल स्वरूप खत्म करते हुये वहीं जल जीवों का विनाश करते हुये पर्यावरण को चुनौती दे रहे है वहीं वनों का विनाश आये दिन लकड़ी माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही लंबे अर्से से जिले में जलाऊ लकड़ी के नाम पर जंगलों की तबाही की जा रही है आखिर यहां का रिवाज जो बना हुआ है वनों से ही लगभग पचासों गावों का गुजारा लकड़ी के सहारे माना जा रहा है। कहने को तो ससक्त समाज के निर्माण को लेकर महिलाओं के समूह बनाये गये उन्हें रोजगार से जोड़ने की बात कही जा रही है पर आज भी जलाऊ लकड़ी के सहारे प्रतिदिन नगर में महिलायें जो सिर गट्ठा लकड़ी के बोझ तले जीवन गुजारने को लेकर जानी जा रही है। साथ ही अवैध तरीके से रेत का कारोबार वहीं वनों की विनाश की कहानी विगत दिवसों में किस तरह से पोल खुली थी जहां एक गाड़ी नगर में ही माफियाओं की कहानी को बयां कर गई। किस तरह से रोंदते हुये अवैध तरीके से लकड़ी सागौन की सिल्ली के रूप में जो लाई गई थी। इतना ही नहीं कहने को वनों की सुरक्षा के लिये बीटगार्डो की नियुक्ति की जाती है पर सभी नगरों में माकूल रूप से जाने जाते है क्या इनके अधिकारी इन्हें संरक्षण नहीं दे रहे वहीं माफियाओं को संरक्षण देने में सफेदपोस धारी तथा जिम्मेदार अधिकारियों का खुला संरक्षण तभी तो नगर में ही प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेक्टर रेत का कारोबार जो अवैध तरीके से करते है नजर आते है। आखिरकार कैसे पर्यावरण का संरक्षण होगा? वहीं पॉलीथीन को लेकर लंबे अर्से से जहां रोक की बात कही जाती है पर धडल्ले से हर दुकान व मिष्ठान भण्डारों में पॉलीथीन का उपयोग धडल्ले से जारी रहता है आखिरकार नपा प्रशासन जो बखूबी रूप से जानता है वहीं आम जनता भी इस उपयोग को लेकर उचित मानती है। पॉलीथीन से पर्यावरण को नुकसान तो होता ही है साथ ही गौ-माता भी इसे कचरे के साथ खा जाती है जिनका जीवन संकट के हालात से अचानक काल कवलित की दिशा को भी तय करती है नपा प्रशासन के द्वारा जिस तरह से कचरा नगर के बाईपास में डाला जाता है जहां जीता जागता उदाहरण पॉलीथीन व कचरे के मिश्रण में अपना भोजन गौ-माता तलाशती नजर आती है फिर भी पर्यावरण के संरक्षण को लेकर राग अलापे जायेंगे। आखिर कौन करेगा पर्यावरण का संरक्षण जब स्वयं के हित को ध्यान में रखकर संपूर्ण समाज के जीवन को विनाश की राह तय कराई जा रही है आखिर जब हम अपने खतरे को स्वयं ही आमंत्रण दे रहे है नदी पहाड़ वनों का विनाश होगा तो हम और आप कैसे सुरक्षित रहेंगे यह तो सभी को विचार करना होगा। महज सत्ता में आसीन तथा सरकार के जिम्मेदार अधिकारी व माफिया राज जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर महज अपने लाभ को लेकर संपूर्ण समाज को विनाश के लिये धकेल रहे है, आखिर इस पर विराम जरूरी।





# आकिस्मिक तौर पर एस.पी. सांई कृष्ण एस. थोटा ने थाना व चौकियों का किया निरीक्षण

### पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मड़ला थाने का औचक निरीक्षण कर बलवा ड्रिल सामग्री, मालखाने, रिकॉर्ड रजिस्टर, बंदी गृह, सी.सी.टी.व्ही कैमरे एवं थाने की व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**पन्ना।**

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना जी द्वारा प्रदेश के जिलों के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को आकस्मिक रूप से अपने जिले के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु आदेशित किया गया था। जिस पर 22-23 मार्च की दरम्यानी देर रात्रि मे पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा मड़ला थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा थाना परिसर का निरीक्षण किया गया जहां उन्होने परिसर की साफ सफाई, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम रजिस्टर, सी.सी.टी.व्ही. कैमरो की स्थिति एवं थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री की उपलब्धता जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किया एवं ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी/कर्मचारी व रात्रिकालीन गश्त मे तैनात अधिकारियो/कर्मचारियों से चर्चा की गई। साथ ही थाना प्रभारी को आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गये। इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियो को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले थाना/ चौकियो का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल द्वारा थाना देवेन्द्रनगर, चौकी ककरहटी एवं बराछ, एस.डी.ओ.पी. पवई श्री राजेन्द्र मोहन दुबे द्वारा थाना पवई, एस.डी.ओ.पी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार द्वारा थाना अमानगंज, चौकी महेबा एवं एस.डी.ओ.पी अजयगढ़ द्वारा थाना धरमपुर,अजयगढ़ एवं चौकी नरदहा का 22-23 मार्च दरम्यानी देर रात्रि मे औचक नरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं ड्युटी पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियो से चर्चा की गई।

# धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध शस्त्र रखने वाले 1 व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 1 देशी बंदूख (भरतल), बारूद एवं 7 लोहे के छर्रे जप्त

**पन्ना।**



पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस.थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्री आरएस भदौरिया एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध देशी बंदूख(भरतल), बारूद एवं लोहे के 07 छर्रे रखने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए अवैध अस्त्र शस्त्रो के निर्माण ,भण्डारण एवं विक्रय करने वाले आरोपियों के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिला के समस्त थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमे गठित की गई हैं इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 23/3/2025 को थाना प्रभारी धरमपुर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हीरापुर गाँव के बाहर लोहारी नाला के पास खेत में बनी टपरिया में अवैध बंदूक रखे है। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर 01 संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी करके पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम रमाशंकर सिंह लोध पिता बद्री प्रसाद लोध उम्र 40 साल निवासी हीरापुर थाना धरमपुर जिला पन्ना म.प्र. का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर टपरिया मे ऊपर बंधी खटिया में रजाई के नीचे एक हाथ से बनी देशी बंदूक(भरतल), बारूद एवं 07 लोहे के छर्रे रखे होना पाये गये, जिसे विधिवत जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना धरमपुर में अपराध क्र. 98/2025 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 01 देशी बंदूख (भरतल), बारूद एवं 07 लोहे के छर्रे किये गये जप्त।

**गिरफ्तार आरोपी** – रमाशंकर सिंह लोध पिता बद्री प्रसाद लोध उम्र 40 साल निवासी हीरापुर थाना धरमपुर जिला पन्ना म.प्र.।

**सराहनीय योगदान** – थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलबीर सिंह, उनि एम.एल. कोल, प्र.आर. अशोक प्रजापती,आर. अजीत यादव, बृजेश सिंह, अमित यादव, प्रभुदयाल, महिला आर. सविता अहिरवार एवं चालक आर. प्रशांत पाठक का सराहनीय भूमिका रही।

**सामुदायिक नल जल प्रबंधन से ही सबको मिल सकेगा पानी - शिवम सिन्हा महाप्रबंधक जल निगम**

# विश्व जल दिवस के मौके पर सम्मानित हुए जल मित्र





**पन्ना।**

विश्व जल दिवस के अवसर पर समर्थन संस्था द्वारा जिले स्तर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिवम सिन्हा एवं उनकी टीम, प्रदान संस्था से कुंदन कुमार ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंगरोल गुखोर के सरपंच मोजी लाल वर्मा, जरधोवा की सरपंच राम रानी राजगोंड, ग्राम जल स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्य, पंप ऑपरेटर, समर्थन संस्था से राजकुमार मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, स्वप्निल सिंह, सुरेंद्र त्रिपाठी, कमल चंद्र सेन, तथा चाली राजा वालंटियर और जल मित्र कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में राजकुमार मिश्रा ने समर्थन संस्था के विजन एवं मिशन की जानकारी दी। उन्होंने जल संरक्षण और पारंपरिक कृषि पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे जल बचाने से कृषि उत्पादन में सुधार हो सकता है। इसके बाद, जल निगम से शिवम सिन्हा ने नल जल योजना की मल्टी विलेज स्कीम के बारे में बताया। उन्होंने इस योजना के तहत पानी की आपूर्ति, प्रबंधन और संचालन की प्रक्रिया पर चर्चा की, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जागरूकता और नाटक प्रदर्शनकृ इस अवसर पर जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। समर्थन टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल कर और नल जल योजना के संचालन की जानकारी दी। नाटक के जरिए बताया गया कि कैसे जल कर का सही संग्रहण और जल संसाधनों का उचित प्रबंधन जल संकट को दूर कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल के संरक्षण और उचित उपयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

सम्मान समारोह कृ इस कार्यक्रम में जल संरक्षण में योगदान देने वाले ग्रमीणो को सम्मानित किया गया सम्मनित व्यक्ति शिव सिंह (पल्थरा) दृ ग्रे वॉटर मैनेजमेंट और जैविक खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान। सुशीला दुबेदी (जरधोवा, टैं.ब) दृ जल जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका। धीरज चौधरी (रानीगंज पुरवा, पंप ऑपरेटर) दृ 100ः जल कर संग्रहण सुनिश्चित करने में अहम योगदान। राकेश विदुवान (तारा) दृ नल जल योजना के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका। बंदना विश्वकर्मा (फुलवारी) दृ रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने में अहम भूमिका निभाई। राम बहादुर बागरी (फुलवारी) दृ अपनी 4 एकड़ जमीन तालाब निर्माण के लिए दान कर जल संरक्षण को नया आयाम दिया। इन सभी व्यक्तियों को श्रीफल और साल देकर सम्मानित किया गया।

### फील्ड विजिट और समापन

फुलवारी जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा और उसकी कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने जल बचाने और सतत जल प्रबंधन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस तरह, विश्व जल दिवस 2025 का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे व्यवहारिक रूप से अपनाने पर जोर दिया गया।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ (गांजे) की खेती करने वाले आरोपी पर की कार्यवाही

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णां थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को अवैध शस्त्र, जुआ ,सट्टा , अवैध शराब एवं मादक पदार्थ रखने बाले /परिवहन करने वाले अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में थाना अजयगढ में अपराधियो पर कार्यवाही हेतु थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया जो दिनांक 22.03.2025 को निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर थाना प्रभारी अजयगढ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिंहपुर के बगरा हार में अरविंद प्रजापति पिता सुंदर प्रजापति निवासी ग्राम सिंहपुर अपने खेत में अवैध गांजे के पेड़ खेती करने के उद्देश्य से लगाये है जो मुखबिर सूचना की तस्दीक करने पर उक्त आरोपी अपने खेत में गांजे के 03 हरे पेड लगाये पाया गया जो नियमानुसार कार्यवाही की जाकर आरोपी के कब्जे से 03 नग हरे गांजे के पेड़ वजनी 10.200 कि.ग्रा. कीमती करीबन 01 लाख रुपये जप्त कर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध थाना अजयगढ में अपराध क्रमांक 156/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबध्द किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जो माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जिला जेल पन्ना दाखिल कराया गया है।



**जप्त सामग्री**- 03 हरे गांजे के पेड़ फूल पत्ती बीज सहित बजनी 10.200 कि.ग्रा. कीमती करीबन 01 लाख रुपये।

**गिरफ्तार आरोपी**- अरविंद प्रजापति पिता श्री सुंदर प्रजापति उम्र 21 साल निवासी ग्राम सिंहपुर थाना अजयगढ **जिला पन्ना (म.प्र.)**।

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरी. बखत सिंह थाना प्रभारी थाना अजयगढ प्र आर. ईश्वर दयाल, संतोष तोमर, मनीष कुमार, शंकर प्रताप सिंह, राजकुमार, आरक्षक भूपाल सिंह, संजय नागर, रोहित शिवहरे, दप्रमोद पाल, इप्रदीप सिंह, कपिल अहिरवार, अभयराज, अश्वनी एवं चालक आर.पंकज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जनता की मांग पर नगर अमानगंज में ओपेन जिम एवं पार्क को दी जा रही गति कार्य जोरों पर

**अमानगंज**

नगर अमानगंज की बहूप्रत्यक्षीय मांग नगर में ओपन जिम और पार्क को लेकर लगातार आवाज उठती रही है जो सपना जनता का साकार होता नजर रहा है दरअसल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं की मेहनत और गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक के प्रयासों से नगर अमानगंज के बड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में ओपन जिम और पार्क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है यहां पर नगर के लोग बैठकर आनंद की अनुभूति कर सकते हैं साथ ही अपनी फिटनेस को लेकर दिनचर्या भी सुधार सकते हैं हम आपको बता दें कि नगर अमानगंज में कोई पार्क ना होने से लोगों को बैठाने एवं शांत बैठने वाली जगह नहीं थी मगर यह पार्क मिलने के बाद जनता का सपना पूर्ण हो रहा है जिसका कार्य जल्द ही पूर्ण होने जा रहा है और कार्य प्रगति पर है





## खबर संक्षेप



### शिवसेना और सनातन धर्म सेवा समिति ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**छतरपुर**। रविवार को जिला मुख्यालय पर शिवसेना और सनातन धर्म सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के शिवसैनिक तथा गणमान्य लोग शामिल हुए। पुरानी तहसील के पीछे स्थित गौरीशंकर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली, मेल-मिलाप का पर्व है, जिसमें लोग द्वेष भावना को भूलकर अपनी संस्कृति का निर्वहन करते हैं। उन्होंने सभी से एकजुट रहने का आवाहन भी किया।

सनातन धर्म सेवा समिति के सौरभ तिवारी ने बताया कि यह आयोजन लोगों को एकजुट करने तथा सनातन संस्कृति को सबके साथ मिलकर आगे बढ़ाने की मंशा से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं स्थानीय कीर्तनकारों द्वारा होली तथा धार्मिक गीतों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के संयोजक युवासेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी ने बताया कि होली मिलन के साथ-साथ सहभोज कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रंगारी, समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल, शंकर लाल सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### साईकल ऑन संडे मुहिम से जुड़े चिकित्सक



**महिला, पुरुष और बच्चों ने चलाई 10 किमी साईकिल**

**छतरपुर**। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य द्वारा संडे ऑन साईकल मुहिम चलाई जा रही है। रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी इस मुहिम से जुड़ा तथा सभी ने 10 किलोमीटर साइकिलिंग की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. गायत्री नामदेव तथा प्रो. सुमति प्रकाश जैन ने साइकिलिंग इवेंट में हरी झंडी दिखाई। इस सप्ताह के संडे ऑन साईकल कार्यक्रम में आईएमए के सचिव डॉ. ऋषि द्विवेदी, डीएसओ राजेन्द्र कोष्टा, ऋषभ श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी राहुल कुशवाहा, प्रभात यादव, इंजी. रुचिर सनागो, विपिन दीक्षित बीएड कॉलेज, विजेता राना, प्रीती परमार, दीक्षा त्रिपाठी छात्र वेदांत शर्मा, यशवीर सचान, यथार्थ पटेल, वत्सल प्रजापति, 8 वर्षीय निशांत शर्मा सहित करीब 40 महिलाओं, पुरुष और बच्चों ने सहभागिता की, जो विद्यालय के प्राचार्य सीके शर्मा की अगुवाई में साइकिलिंग पर निकले। प्रातः 7 बजे छत्रसाल चौक से रवाना हुआ साईकिल दल सतना बाईपास से होते हुए पुनः छत्रसाल चौक पर पहुंचा। आईएमए अध्यक्ष डॉ. गायत्री नामदेव ने इस गतिविधि को स्वास्थ्य के प्रति सजगता की ओर उठाया गया सकारात्मक कदम बताते हुए लोगो को हाई ब्लडप्रेसर, शुगर एवं जॉइंट पैन जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला बताया।

### कायस्थ हितकारिणी सभा का होगा पुर्नगठन

**छतरपुर**। श्री चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट छतरपुर ने निर्णय लिया है कि वर्षों से लंबित पड़ी कायस्थ हितकारणी सभा का पुर्नगठन किया जाएगा। यह समिति चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट की सहयोगी समिति होगी और यही समिति कायस्थ समाज के कार्यक्रमों को आयोजित करेगी।

श्री चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट ने गत 26 जनवरी को सर्वसम्मति से निर्णय लेकर कायस्थ हितकारिणी सभा के लिए 31 सदस्यों का मनोनयन भी किया था। शनिवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर में इन नवनियुक्त सदस्यों की पहली बैठक हुई जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

## दुकानदार ने किशोर को पीटा, नाराजगी में किशोर ने कर ली आत्महत्या

### परिजनों ने किया चक्काजाम, दुकानदार पर कार्रवाई की मांग

छतरपुर।

जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र से रविवार को एक गंभीर मामला सामने आया है जिसमें गांव के एक दुकानदार द्वारा किशोर के साथ मारपीट किए जाने के बाद किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन, किशोर को जिला अस्पताल लेकर आए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नाराज परिजनों ने जिला मुख्यालय के छत्रसाल चौक पर चक्काजाम करते हुए मारपीट करने वाले दुकानदार पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**क्या है मामला -**

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ी निवासी किशोर अहिरवार ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंशु, गांव के रामा शुक्ला की दुकान पर सामग्री खरीदने गया था। इसी दौरान अंशु ने दुकान का कुछ सामान छू लिया जिससे रामा शुक्ला नाराज हो गया और उसने





जातिसूचक गालियां देते हुए अंशु के साथ मारपीट कर दी। बेतहाशा मारपीट से अंशू की पीठ पर गंभीर चोटें आई थीं। मारपीट के बाद अंशु ने अपने घर जाकर फांसी लगा ली। जैसे ही परिजनों को मामले की जानकारी लगी वे घर पहुंचे और आनन-फानन में अंशु को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अंशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं जब यह जानकारी भीम आर्मी को लगी तो भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष संतोष रैदास तथा चंदला विधानसभा के पूर्व विधायक आरडी प्रजापति भी जिला अस्पताल पहुंच गए। नाराज परिजन जिला अस्पताल के बाहर छत्रसाल चौराहे पर चक्काजाम कर मारपीट करने वाले रामा शुक्ला पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हंगामे की खबर मिलते ही सीएसपी अमन मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी, सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे के अलावा लवकुशनगर थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सीएसपी अमन मिश्रा द्वारा परिजनों की मांग सुनने के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया गया, तब जाकर परिजन शांत हुए। दोपहर में मृत बच्चे का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। लवकुशनगर पुलिस द्वारा परिजनों के कथन लेकर मामले की विवेचना की जा रही है।

## पुलिस अधिकारियों ने किया थानों का औचक निरीक्षण



**हवालात, रजिस्टर, तकनीकि उपकरण और डाटा किया चैक**

**छतरपुर**। बीती रात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के थानों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार ने गुलगंज, मातगुवां के अलावा टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ थाना का निरीक्षण किया, जबकि पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बमीठा थाना एवं चन्दनगर चौकी को जांचा। इसी तरह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर ने गढ़ीमलहरा, महाराजपुर, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा ने थाना कोतवाली, सिविल लाइन, ओरछा रोड, नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम ने अलीपुरा, हरपालपुर, बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित अलावा ने बाजना, बक्सवाहा का, लवकुशनगर एसडीओपी एवं खजुराहो प्रभार नवीन दुबे ने थाना राजनगर, लवकुशनगर तथा बिजावर एसडीओपी अजय रिठोरिया ने ईशानगर तथा मातगुवां थाना का निरीक्षण कर हवालात सहित भौतिक स्थिति का जायजा लिया। अधिसकारियों ने हिस्ट्रीशीट सहित अन्य रजिस्टर चैक किए, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता को देखा, तकनीकि उपकरण एवं एप्लीकेशन चेक कर उसमें फीड किए गए डाटा को चेक किया गया, नियमित रूप से फीडिंग हेतु आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं सुन निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए।

## वैश्य महासम्मेलन की दो दिवसीय बैठक संपन्न



**छतरपुर**। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश कार्यकारिणी की 35वीं दो दिवसीय बैठक मां नर्मदा के उदगम्-स्थल के समीप जिला अनूपपुर में विशाल रैली के साथ संपन्न हुई। बैठक में संपूर्ण मध्यप्रदेश के पदाधिकारी, जिले के प्रभारी और अध्यक्ष शामिल हुए। संगठन के संरक्षक उमाशंकर गुप्ता (पूर्व गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन), प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन उपस्थित सदस्यों को प्राप्त हुआ। छतरपुर से प्रदेश महामंत्री गोविंददास असाटी, प्रदेश मंत्री जयनारायण अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विमल जैन, धर्मेंद्र गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला प्रभारी आनंद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय असाटी (रिंकू), महिला जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सपना गुप्ता, असाटी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, संगठन की दृष्टि से जटाशंकर जिला प्रभारी सीताराम असाटी एवं जिलाध्यक्ष धन प्रसाद असाटी ने बैठक सहभागिता की।

## कोर्ट मोहर्रिर व चालानी मुंशियों की संयुक्त मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

छतरपुर

रविवार को पुलिस कॉफ्रेंस हॉल पुलिस लाईन छतरपुर में न्यायालयों में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर व थानो के चालानी मुंशियों के कार्यो की समीक्षा किये जाने हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा ई-समन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। न्यायालयों में कोर्ट मोहर्रिर द्वारा संधारित होने वाले महत्वपूर्ण रजिस्टरों का अवलोकन किया गया

एसपी ने अंडर ट्रायल केसों में समन वारंट की तामीली की समीक्षा की गई एवं तामीली में आ रही समस्या के विषय मे चर्चा की। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों में लंबित डीएनए रिपोर्ट की जानकारी ली गई। कोर्ट मोहर्रिर एवं चालानी मुंशीयों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया। समस्याएं पूछी गई, समस्याओं के निदान हेतु संबंधित को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले कोर्ट मोहर्रिर व चालानी मुंशी के कार्यो को सराहा गया एवं इनाम देने हेतु कहा गया। समीक्षा बैठक में अति.



पुलिस अक्षीक्षक सुश्री विदिता डागर, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी केके गौतम, रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र पूर्णिमा मिश्रा, जिले के सभी न्यायालय के कोर्ट मोहर्रिर, सभी थानों से चालानी मुंशी उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस पर अमित जैन ने किया रक्तदान



**छतरपुर**। देश सेवा के लिए शहीद होने वाले भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीद दिवस पर रविवार को बड़कुल चौक निवासी अमित जैन ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अमित ने बताया कि वे गत कई वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं। लगभग हर 3 माह में वे रक्तदान करते हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती एक गर्भवती महिला को रक्त की जरूरत थी, जिसके लिए उन्होंने शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान किया है।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन हुआ श्रीकृष्ण-रुक्मणि का विवाह



**ईशानगर**। क्षेत्र के दिदौल गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-रुक्मणि के विवाह की कथा सुनाई, वहीं सुंदर झांकियों की प्रस्तुति भी हुई। कथा व्यास आचार्य अटल कृष्ण शास्त्री ने नंद बाबा व गोपों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के प्रभाव की चर्चा, व्रज यात्रा, श्रीकृष्ण व बलराम का मथुरा गमन, कंस चाणुर, मुष्टिका का वध, भगवान श्रीकृष्ण का गुरुकुल में प्रवेश, अमर गीत, जरासंध से युद्ध, द्वारका पुरी का निर्माण की कथा का वर्णन भी किया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ध्वज स्थापना के साथ शुरु हुई श्रीराम नाम महायज्ञ की तैयारी



**ईशानगर**। क्षेत्र के ग्राम बौंड़ा स्थित करधइयन सरकार मंदिर में पंच दिगंबर अनी अखाड़ा महामंडलेश्वर दीनबंधुदास महाराज की तपोमभूमि में पर शहीदों की आत्मा शांति एवं विश्व कल्याण के लिए, यज्ञों का महाकुंभ आयोजित होने जा रहा है। रविवार को शहीद दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजन के ध्वज की स्थापना की गई और इसके साथ ही आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई हैं। आयोजन समिति के गजानन महाराज ने बताया कि 51 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थपित कर अखंड भारत सेनानी श्रीराम नाम महायज्ञ की तैयारियों का शुभारंभ हो गया है। पुख्य नक्षत्र में धनंजय कुंड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कुंड 108 फीट गहरा होगा। धनंजय कुंड का कार्य सम्पन्न होने के बाद महायज्ञ की तिथि का निर्धारण होगा।

## पुलिस अस्पताल में हुई पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच

### एसपी, एएसपी ने भी करवाई चिकित्सा जांचें

**छतरपुर**। अक्सर पुलिसकर्मी तनावपूर्ण स्थितियों में काम करते हैं। लंबी ड्यूटी, अनियमित भोजन, नींद, तनाव, गंभीर घटनाओं का सामना करना और भावनात्मक रूप से परेशान लोगों से मिलना शामिल है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। नियमित हेल्थ चेकअप से स्वास्थ्य समस्याओं को शुरुआती चरण में ही पहचानने और उचित उपचार शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला छतरपुर इकाई में पदस्थ पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों का विशेष चिकित्सा विशेषज्ञ टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है। छतरपुर मुख्यालय के साथ-साथ सभी अनुभाग क्षेत्र में भी स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है। छतरपुर मुख्यालय अंतर्गत पुलिस अस्पताल पुलिस लाइन के स्वास्थ्य परीक्षण में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर सहित समस्त कार्यालय, समस्त पुलिस शाखाओ, नगर के पुलिस थानों एवं विशेष सशस्त्र बल की कंपनी में ड्यूटीरत 300 से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच करवाई गई। स्वास्थ्य परीक्षण में पुलिस अस्पताल छतरपुर में उपलब्ध



आधुनिक चिकित्सा संबंधी संसाधनों, तथा अन्य मेडिकल एवं जांच संसाधनों के माध्यम से चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रक्त दाब, आंखों की जांच, रक्त, ईसीजी एवं अन्य जांच की गई। चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कसरत, टेंशन फ्री एवं अच्छी नींद लेने की सलाह दी गई। साथ ही उपचार हेतु औषधि वितरण भी किया गया। पुलिस अस्पताल छतरपुर के स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल विशेषज्ञ, सर्वाइकल कैंसर रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजी टीम सहित चिकित्सीय टीम द्वारा सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थापक रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र छतरपुर पूर्णिमा मिश्रा रहीं।

## फाग उत्सव में झूमकर नाचीं विधायक

### रैली के माध्यम से शहरवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

छतरपुर। रविवार को छतरपुर विधायक ललिता यादव द्वारा होली के उपलक्ष्य में फाग उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें वे मातृशक्ति के साथ झूमकर नाचतीं नजर आईं। आयोजन के तहत शहर में विशाल रैली भी निकाली गई। इस दौरान विधायक ने सभी शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।



दोपहर के वक्त सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय में मातृशक्ति और विधायक के समर्थकों का एकत्रीकरण हुआ, जहां मंचीय कार्यक्रम में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने होली गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विधायक ललिता यादव ने छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और मातृशक्ति के साथ जमकर होली खेली तथा नृत्य किया। उपस्थित जनसमूह पर गुलाल की वर्षा कर विधायक ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद रैली का शुभारंभ हुआ जो नगर पालिका से छत्रसाल चौक, महल तिराहा, चौक बाजार, हटवारा, मऊ दरवाजा होते हुए बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में भी विधायक ललिता यादव ने जमकर नृत्य किया तथा शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक द्वारा आयोजित फाग उत्सव में शहर के अलावा संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया।

## सिक्कल के एचार मैनेजर रंजीत सिंह को कूट रचना के द्वारा फर्जी झूठे केस में फंसाने व बदनाम की रची जा साजिश

सिंगरौली

एनसीएल के निगाही परियोजना में ओबी हटाने का कार्य लगभग एक वर्षो से अधिक समय से सिक्कल - एसआईपीएल कर रही है जिसके एचार मैनेजर रंजीत सिंह को कुछ डीबीएल कंपनी के पुराने कर्मचारियों के द्वारा एक कुट रचना कर फर्जी मनगढंत केश मे फसाकर नौकरी के लिए दबाब बनाया जा रहा है व बदनाम किया जा रहा है!

रंजीत सिंह सिंगरौली जिले मे कई वर्षो से एचार मैनेजर के रूप मे सिक्कल कंपनी मे अपनी सेवाए दे रहे है!हमेशा हसमुख बेदाग ईमानदार छवि वाले श्री सिंह रहे है इनके कार्यो की सराहना हमेशा होती है,सभी राजनैतिक दलों,सभी यूनियनो, प्रशासनिक अधिकारियो,एनसीएल के अधिकारियो से सामजस्य बनाकर कार्य कर रहे है!

लेकिन कुछ टूटपुजिये पत्रकार जिनकी न तो डिग्री का पता और न ही सही से कुछ पत्रकारिता के बारे मे आता है ऐसे लोग पत्रकारिता की आड़ मे ईमानदार अधिकारी को



बदनाम कर फर्जी केश लगवाने के लिए प्रशासन पर दबाब बना रहे है!

ज्ञातव्य हो कि सिक्कल कम्पनी का कार्य लगभग एक वर्ष से चल रहा है जिसमे सत्तर प्रतिशत से अधिक रोजगार यहाँ के विस्थापित, प्रभावित, स्थानीय को जिला प्रशासन के निर्देश पर दिया गया है।सिंगरौली जिले में जितने भी आउटसोर्सिंग कम्पनी कार्यरत है उसमें सबसे ज्यादा रोजगार सिक्कल कंपनी ने दिया है!डीबीएल के 868 की लिस्ट मे लगभग 600 लोगो से अधिक लोगो को रोजगार सिक्कल ने दिया कुछ कर्मचारी हेल्पर व सुपरवाइजर है जो शेष बचे है उनकी जगह कंपनी मे नही है क्षमता से अधिक मेन पावर कंपनी ने रखा है!रंजीत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की हरीश चन्द्र शर्मा जो की पूर्व मे डीबीएल कंपनी मे हेल्पर, रामकेश शर्मा ड्राइवर,बुद्ध सेन शर्मा हेल्पर, व्यंकट रमन शर्मा हेल्पर के पद पर कार्य कर रहे थे आये दिन कमरे पर आकर नौकरी के लिए दबाब बनाते थे, कभी-कभी अपनी औरत को भी लेकर नौकरी के लिए दबाब बनाते थे मैने हमेशा मैने यही कहाँ की कंपनी मे जगह नही है जब होगा तो जरूर देंगे!

दिनांक 22-03-2025 को पुनः हरिश्चन्द्र शर्मा अपनी पत्नी के साथ सुबह मेरे कमरे के सामने आये तब मैने कहाँ रोज-रोज आकर आप क्यो परेशान करते है जब जगह होंगी तो मै रख लूँगा अभी जगह नही है!तब हरीश चन्द्र शर्मा ने धमकी देते हुए बोला की मै नौकरी लेकर रहूँगा देख लेना!इसके बाद पता चला की झूठी मनगढंत इनके द्वारा रिपोर्ट की गई है जो की बिल्कुल गलत है!रामकेश शर्मा, हरीश चन्द्र शर्मा, बुद्ध सेन शर्मा नौकरी के नाम पर कई लोगो से पैसा लिए है नौकरी न लगवाने की दशा मे फर्जी रिपोर्ट कर कंपनी के एचार मैनेजर को बदनाम रहे है! पूर्व मे भी कई लोगो पर नौकरी के लिए दबाब बनाकर अपनी घर की औरतों से धमकी दिलवाते है की तुम नौकरी लगवाओ नही तुमको हम लोग फसाएंगे इनके खिलाफ पूर्व मे रिपोर्ट भी हुआ है इनका यही धंधा बन चुका है!सिक्कल के एचार मैनेजर रंजीत ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर फर्जी मनगढंत कुट रचना कर फसाने वालो के ऊपर उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा कि जाए जिससे उचित न्याय मिल सके और आगे का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से कंपनी कर सके।आगे सिंह ने कहा की मै माननीय न्यायालय मे जाऊंगा और मान हानि का केश करूँगा तथा उन पत्रकारों के ऊपर भी मान हानि का केश करूँगा जो बीना मेरा पक्ष जाने झूठी खबर प्रकाशित किये है जिससे मेरी छवि खराब हुई है मुझे मानसिक आघात पंहुचा है!

## खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राही ई-केवाईसी 31 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से कराएं

**सिंगरौली** 23 मार्च 2025 / जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अंत्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 01 रुपए प्रति किलो की दर से एवं अंत्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण भी 20 रुपए प्रति किलो की दर से किया जा रहा है सिंगरौली जिले में 253202 परिवार एवं 1084693 सदस्यों को वर्तमान में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है वर्तमान में 1084693 सदस्यों में से 740606 सदस्यों ने ई-केवाईसी कराई जा चुकी है 31 मार्च2025 तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य कराए जाने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी एवं प्रभारी उपायुक्त सहकारिता के द्वारा प्रतिदिन जिले की सभी केंद्रीय सहकारी बैंक शाखाओं में उपस्थित होकर विक्रेताओं को निर्देशित किया जा रहा है कि जिन दुकानों से संबंधित पात्र हितग्राहियों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई उन हितग्राहियों को पूर्व सूचना मुनादी कराई जाकर ई-केवाईसी कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा भी ई-केवाईसी की जा रही है। भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से स्मार्ट पीडीएस लागू करने से जिन हितग्राहियों की ई केवाईसी नहीं होगी उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई वे उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं से संपर्क कर दिनांक 31 मार्च 2025 के पूर्व ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है अन्यथा हितग्राहियों को माह अप्रैल 2025 से खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है।

## उज्जैन के बाद छतरपुर जिले में आनंद विभाग का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण

## आज से 9 दिन तक पुलिस लेगी अल्पविराम

**छतरपुर**,जिले के पुलिस बल में सकारात्मक परिवर्तन एवं अवसाद मुक्त रहने के लिए आनंद विभाग द्वारा 9 दिन का आवासीय अल्पविराम प्रशिक्षण सोमवार 24 मार्च से शुरू हो रहा है, यह प्रशिक्षण नौगांव स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान में 1 अप्रैल तक लगातार चलेगा, पुलिस अधीक्षक अगम जैन के आग्रह पर राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है,

पुलिस विभाग के लिए स्पेशल ट्रेनिंग का आयोजन पूरे प्रदेश में सिर्फ छतरपुर के लिए आयोजित किया जा रहा है, हालांकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में सिंहस्थ के पहले तक जिले के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अल्पविराम प्रशिक्षण देने का सिलसिला लगातार जारी है, जिले के समस्त थानों और चौकियों से बारी-बारी से पुलिस बल नौगांव पहुंचकर तीन-तीन दिन का प्रशिक्षण लेगा, राज्य आनंद संस्थान की ओर से सागर संभाग के समन्वयक लखन लाल असाटी,मास्टर ट्रेनर रामकेश टेकाम, नितिन बबेले,श्रीमती आशा असाटी के साथ अंतर्राष्ट्रीय संस्थान इनीशिएटिव का चेंज पंचगनी के प्रतिनिधि अजीत महतो अल्पविराम सत्रों का संचालन करेंगे

## खबर संक्षेप

### झाड़फूक के नाम पर तांत्रिक ने युवती से किया दुष्कर्म

रीवा। जिले के तराई आंचल में स्थित सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तांत्रिक ने झाड़फ़ूक के बहाने एक युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है,बता दे की घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। जिसके बाद शुक्रवार को पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ मामले की शिकायत सोहागी थाना में दर्ज करवाई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल परीक्षण करवाने के बाद आरोपी तांत्रिक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू की जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक भूत प्रेत बाधा से परेशान थी, जिसके बाद परिजनों के द्वारा एक तांत्रिक से संपर्क कराया गया था। इसके पूर्व उसके निजी स्थान पर बने चौरा में भी युवती को लेकर परिजन गए थे। बताया गया कि गुरुवार की रात युवती की अचानक तबियत बिगड़ गई, जिसके बाद तांत्रिक को उसके घर बुलाया गया, इस दौरान बंद कमरे में तांत्रिक झाड़फ़ूक के बहाने युवती के साथ दुष्कर्म किया जिसके बाद मौके से फरार हो गया। जब पीड़ित युवती ने इस संबंध में परिजनों को जानकारी दी तो वो अगली सुबह घटना की शिकायत लेकर सोहागी थाना पहुंचे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक समर उर्फ समरेंद्र सिंह पिता छेदी लाल 30 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

### दो दिवसीय होगा मां कर्मा जयंती महोत्सव

रीवा। जिले मे इस वर्ष भी मां कर्मा जयंती महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन साहू युवा संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारी बैठक साहू युवा संगठन के जिला अध्यक्ष बंसीलाल साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए हैं। बैठक में बताया गया कि 24 को को बैजू धर्मशाला से शोभायात्रा निकल जा रही। जिसमें मनमोहक झाकियां के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया जाएगा। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए धोबिया टंकी में मां कर्मा की आरती प्रसाद वितरण के बाद समापन होगा। साथ ही 25 मार्च को को कृष्णा कृष्णा राज राज कपूर कपूर ऑडिटोरियम सिरमौर चौक से मां कर्मा जयंती महोत्सव भव्य आयोजन होगा। जिसमें होशंगाबाद की मशहूर भजन गायिका पदमा साहू द्वारा मां कर्मा के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य अतिथि सिंगरौली के विधायक रामनिवास शाह और पूर्व महापौर प्रभात साहू रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी दयाराम साहू करेंगे। बैठक में जगन्नाथ साहू, शरद साहू, लीना साहूक रमेश साहू विनय साहू आदि उपस्थित रहे।

### संभागीय अधिकारियों का ई-आफिस का प्रशिक्षण आज से

रीवा । शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यालय के सामान्य काज एवं फाइलों के निराकरण के लिए ई-आफिस ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के ईमेल आईडी बनाकर सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जा रहे हैं। ई-आफिस प्रणाली का संभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 24 और 25 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण तीन पलियों में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कमिश्नर ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क निगम एवं पीआईयू के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित प्रशिक्षण में सेतु विकास निगम, लोक शिक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी, सहकारिता, पेंशन कार्यालय, मछली पालन विभाग, डेयरी विभाग तथा जिला विपणन संघ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंडी बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद विभाग, ट्राईवल, खनिज, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, स्थानीय निधिसम परीक्षा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की बैठकें जारी

# बैठकों में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी

**देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं।**

रीवा ।




इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को जिला और राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 31 मार्च 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी।यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है। राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में सक्रिय रूप से और उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजनीतिक दलों द्वारा जमीनी स्तर पर उनकी इस प्रकार की भागीदारी का स्वागत किया गया है। आयोग सभी राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों से अपील करता है कि वे किसी भी लंबित मुद्दे को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ अपनी इस जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियतापूर्वक लाभ उठाएं। राष्ट्रव्यापी स्तर पर आयोजित राजनीतिक दलों की इन बैठकों की तस्वीरें आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एट द रेट ईसीआई स्वीप पर देखी जा सकती हैं।

### जमीनी विवाद में भाई ने भाई को किया बेघर

# पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



रीवा ।

जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के ग्राम महिया में एक जमीनी विवाद के चलते भाई ने अपने ही भाई और उसके परिवार को बेघर कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पहले थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन सुनवाई न होने पर शनिवार को वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित उमेश साकेत और उनकी पत्नी रामबाई साकेत ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे उनका भाई अशोक साकेत कुछ अन्य लोगों के साथ उनके घर आया और मारपीट करते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ितों का कहना है कि उनके बीच लंबे समय से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, और इस विवाद के कारण अशोक ने यह हिंसक कदम उठाया। उमेश साकेत ने बताया कि वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रातभर सड़क के किनारे बैठकर बिताए और सुबह पुलिस थाने पहुंचे। हालांकि, थाने में भी उनकी शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद, वे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में पीड़ितों ने बताया कि घटना के बाद उनके पास न तो रहने का स्थान था और न ही किसी प्रकार की मदद मिल रही थी।

# नाबालिग छात्रा से इ रिक्शा चालक की छेड़छाड़

### आरोपी गिरफ्तार, सूनसान जहर पर ले जाकर वारदात को दिया अंजाम

रीवा।



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है, जिसमें एक इ रिक्शा चालक द्वारा छात्रा को सुनसान स्थान पर ले जाकर अश्लील हरकत की गई। यह घटना बीती शाम की है जब छात्रा आटो में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। आरोपी इ रिक्शा चालक ने छात्रा को विश्वास में लेकर उसे शहर के एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की,घटना के बाद, किसी तरह से छात्रा आरोपी के चंगुल से बचकर घर लौट आई और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत सिविल लाइन थाना जाकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और उसे महज कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपी की पहचान के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इ रिक्शा चालक को पुलिस ने शहर के विंध्यविहार कॉलोनी के पास स्थित टेकुआ इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने उसे अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने छात्रा को पहले से पहचान लिया था और उसी भरोसे में आकर उसने उसे इ रिक्शा में बैठाया। हालांकि, रास्ते में चालक की नीयत बदल गई और उसने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। सिविल लाइन थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने घटना के बाद देर रात ही आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मोबाइल में व्यस्त था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की जगह पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और उसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।बॉक्स महिला ने लगाया प्रेमी पर मारपीट का आरोपशहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेकहा में किराए के मकान में रहने वाली एक महिला ने अपने साथ कथित प्रेमी के द्वारा मारपीट किए जाने सहित गंभीर आरोप लगाए है। घायल महिला मूलतः खड्डा गांव की रहवासी बताई जा रही है। बताया गया कि बीती रात हुई घटना में घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला का आरोप हैं कि युवक बीते 6 साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा है, और अब जब उसने शादी की बात कही तो कथित प्रेमी और उसके अन्य साथियों ने उसके साथ जमकर की मारपीट की है, पीड़ित महिला की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिलहाल महिला का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है।

### हत्या के प्रयास मे फरार आरोपी पुणे हुआ गिरफ्तार

# गोविंदगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई

रीवा।




जिले के गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश पुलिस टीम के द्वारा फरवरी माह से की जा रही थी। बता दे कि पीड़ित देवेन्द्र सिंह पिता स्व. शिवप्रसाद सिंर 78 वर्ष निवासी सुपिया द्वारा 11 फरवरी को आरोपी गरुण सिंह पिता विष्णु प्रताप सिंह 40 वर्ष निवासी सुपिया थाना गोविंदगढ़ के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पीड़ित वृद्ध ने बताया था कि आरोपी हत्या करने की नियत से गलौज कर उसके साथ मारपीट किया जिससे उसके सिर सहित शरीर पर गंभीर चोट पहुंची थी। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसके पतासाजी के लिए 8 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मामले में गोविन्दगढ़ पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके से फरार 8000 रू. के ईनामी आरोपी गरुण सिंह पिता विष्णु प्रताप सिंह 40 वर्ष को पुणे से गिरफ्तार कर रीवा लाया गया जहां आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा दिया गया है।

### हैण्डपंपों के सुधार के लिए ग्रामवासी दे सकते हैं मोबाइल पर सूचना

रीवा ।

लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने तथा तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए सहायक यंत्री एवं निर्माण एजेंसी को तैनात किया गया है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि हैण्डपंप सुधार के लिए ग्रामवासी सहायक यंत्री, उपयंत्री अथवा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को फोन के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। सुधार योग्य हैण्डपंप में तत्काल सुधार किया जाएगा। यदि तीन दिवस के अंदर हैण्डपंपों में सुधार नहीं होता है तो संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी सहायक यंत्री को अवगत कराएं। हैण्डपंप में यदि सात दिवस में आवश्यक सुधार नहीं हुआ तो निर्माण एजेंसी पर दो सौ रुपए प्रतिदिन का जुर्माना भी किया जा सकता है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि विकासखण्ड रीवा में हैण्डपंप सुधार के लिए मेसर्स रामकिंकर त्रिवेदी मोबाइल नम्बर 9993899193 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड में सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790, उप यंत्री रूचि तिवारी मोबाइल नम्बर 8429626580 तथा उप यंत्री प्राची सिंह मोबाइल नम्बर 9009833231 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड गंगेव में निर्माण एजेंसी आशीष कुमार मिश्रा मोबाइल नम्बर 7987947495 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में भी सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790 तथा उपयंत्री उपेन्द्र द्विवेदी मोबाइल नम्बर 9893870310 को तैनात किया गया है। सिरमौर में मेसर्स शिवशक्ति कान्स्ट्रक्शन मोबाइल नम्बर 9691691670 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री सुधांशु शर्मा मोबाइल नम्बर 6264370138 तथा उपयंत्री कृष्णा अग्रवाल मोबाइल नम्बर 8817022531 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड जवा में मेसर्स शिवशक्ति कान्स्ट्रक्शन मोबाइल नम्बर 9691691670 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री सुधांशु शर्मा मोबाइल नम्बर 6264370138 तथा उपयंत्री नितिन वर्मा मोबाइल नम्बर 9644695971 एवं उपयंत्री पवन प्रजापति मोबाइल नम्बर 9200348406 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में निर्माण एजेंसी मेसर्स लक्ष्मेन्द्र प्रसाद शुक्ला को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790 तथा उपयंत्री चारू द्विवेदी मोबाइल नम्बर 8839291789 एवं उपयंत्री आयुष नागर मोबाइल नम्बर 8770698955 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड त्योंथर के लिए मेसर्स इंटरनेशनल स्पेश सिक्योरिटी फोर्स मोबाइल नम्बर 9752291747 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री एपी तिवारी मोबाइल नम्बर 9589135484 तथा उपयंत्री अंकित पाण्डेय मोबाइल नम्बर 8269385027 को तैनात किया गया है।

### कृषि विभाग की मनमानी से कागज में चल रहे जिले के मृदा परीक्षण केंद्र

## दिखावा बनकर रह गया मिट्टी परीक्षण, शासन की योजना का किसानों को नहीं मिल रहा लाभ



**मऊगंज** जिले में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है एक तरफ जहां जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी भूल चुके हैं वही विभागीय अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य से दूर हटकर कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गए। जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनमानस को सुचारू रूप से नहीं मिल पा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण करोड़ों रुपए लागत से जिले के विकास खण्डों में मिट्टी परीक्षण हेतु बनाए गए मृदा परीक्षण केंद्रो का है जहां जिले में बैठे अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना कार्य एवं शासन सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने कर्तव्य से विमुख होकर कार्य किए जाने के कारण मृदा परीक्षण केंद्रो में मिट्टी परीक्षण होना तो दूर इन प्रयोगशालाओं के 365 दिन में एक दिन भी ताले तक नहीं खुलते। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण वर्षों बाद भी इन मृदा परीक्षण केंद्र प्रयोगशालाओं में एक भी किसान के खेत की मिट्टी का परीक्षण नहीं हो सका।

**जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी भूले जिम्मेदारी**

किसानों के बेहतरी करण के लिए खेत में अच्छी उपज हो खेत में अच्छी उपज तभी संभव है जब मिट्टी का परीक्षण हो जिसके लिए शासन स्तर पर लाखों रुपए खर्च कर मृदा परीक्षण केंद्रों का विशालकाय भवन निर्मित कराया गया। लेकिन 7 वर्ष से भी अधिक समय से भवन तो बनकर तैयार है पर इतनी बड़ी सर्व सुविधा युक्त विशालकाय बिल्डिंग में मृदा परीक्षण केंद्र कार्यालय मिट्टी परीक्षण के लिए खुलना तो दूर वर्ष भर ताले ही लटके रहते हैं। आलम यह है कि क्षेत्र के किसानों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जमीनी हकीकत है कि प्रशासनिक अनदेखी के चलते जिले के मृदा परीक्षण केंद्रों में एक भी कर्मचारी की पदस्थापना नहीं की गई। शासन की योजना अनुसार अन्नदाताओं के खेत की मिट्टी का परीक्षण न होने से मिट्टी के मांग अनुसार भूमि को उर्वरा शक्ति न मिल पाने के कारण किसानों को खेती बेहतर उपज नहीं मिल पा रही है जो वास्तव में शासन की मंशा है। हालात इतने खराब है कि क्षेत्र के किसानों की समस्या की ओर न तो जिम्मेदार विभाग का ध्यान गया और न ही शासन एवं प्रशासन का।

**रखरखाव के अभाव में खंडहर होने की कगार पर मृदा प्रशिक्षण केंद्र**

विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण मृदा परीक्षण केंद्रों का विशालकाय भवन रखरखाव के अभाव में जहां धीरे धीरे जर्जर होने लगा है वही किसानों के मूल व्यवसाय की अनदेखी की जा रही है। और इसी अनदेखी के कारण आज हालात कुछ इस कदर पहुंच गए हैं कि कहने के लिए तो जिले के मुख्यालय स्तर पर मृदा परीक्षण केंद्र खुले हुए है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युक्त मिट्टी परीक्षण केंद्र महज विभाग के कागजों में ही खुल कर रह गए है।

**किसानों के साथ विभाग कर रहा धोखा**

मध्यप्रदेश शासन एवं कृषि कल्याण विभाग की योजना अनुसार हर वर्ष हर विकास खंड क्षेत्र के किसानों की अलग-अलग क्षेत्र की मिट्टी का परीक्षण कर यह निहित किया जाना है कि वास्तव में किसानों की बोनी वाली जमीन को कितनी मात्रा में कौन सी उर्वरा शक्ति देना है। लेकिन मऊगंज जिले के किसानों के साथ विभाग द्वारा कुछ इस कदर धोखा दिया जा रहा है ।

# विश्व जल दिवस पर सीटेड द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

मऊगंज



जिले मे 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत जल निगम रीवा के सहयोग से परियोजना क्रियान्वयन संस्था सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के ग्राम डोडो,चमढिया, रौसरा ,मिशिरिहा ,भगतपुरा आदि ग्रामों में जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम जनों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया साथ ही जल संरक्षण जल के समुचित उपयोग के साथ साथ जल को बचाने पर जानकारी प्रदान की गई। जल संरक्षण चित्रकला के माध्यम से जल के विषय पर विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। जल शपथ के माध्यम से सभी ग्रामवासियों को जल के संचयन एवं जल के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम जनों को संबोधित करते हुए परियोजना समन्वयक अमृता तिवारी ने कहा कि आज वैश्विक जल संरक्षण के वास्तविक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने के लिये विश्व जल दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता हैं। इस अभियान को प्रति वर्ष संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की एक इकाई के द्वारा विशेष तौर से बढ़ावा दिया जाता है जिसमें लोगों को जल से संबंधित मुद्दों के बारे में सुनने व समझाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही विश्व जल दिवस के लिये अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों का समायोजन भी शामिल है। इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही विश्व जल दिवस पर वैश्विक संदेश फैलाने के लिये थीम (विषय) का चुनाव करने के साथ ही विश्व जल दिवस को मनाने की सारी जिम्मेवारी संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण तथा विकास एजेंसी की रही है। जल हमारे जीवन का आधार है बिना जल के जीवन संभव नहीं है इसलिए हमें अत्यधिक जल के दोहन से बचा जाना चाहिए। जितना कम हम जल का उपयोग करेंगे उतना ही हम आने वाले कल के लिए जल को बचा सकेंगे। आने वाला भविष्य जल संकट से व्याप्त ना हो उसके लिए हम सभी को मिलकर सामाजिक तौर पर आज से ही जल के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। इसलिए आइए इस जल शपथ के माध्यम से हम सभी यह प्रण लें कि हम ना केवल स्वयं जल का संरक्षण करेंगे बल्कि अपने आस पास सभी को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। आयोजित समस्त कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से परियोजना समन्वयक अमृता तिवारी, प्रकाशचन्द्र द्विवेदी ,अतुल कुमार मिश्रा ,कम्युनिटी मोबाइलाइजर निशी सिंह, अमृता द्विवेदी, रवि मिश्रा, सौरभ तिवारी, संदीप शुक्ला, चंदन पाण्डेय आदि ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।